an>

title: Need to open a central school in Dholpur district in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र जिला धौलपुर राजस्थान की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। धौलपुर जिले में राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या काफी है। कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने हेतु धौलपुर में कम से कम एक केन्द्रीय विद्यालय की बहुत आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी से भी मैं इस संदर्भ में आग्रह कर चुका हूं। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि धौलपुर जिले में जल्द से जल्द एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए।